## एक नजर में

### पूर्व लोनिवि कर्मचारी ताराचंद पुष्पद का निधन

**सारंगपुर 03 अप्रैल, सं.** वार्ड क्रमांक 10 के निवासी एवं लोक निर्माण विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी ताराचंद पुष्पद का 67 वर्ष की आयु में निधन हो गया. श्री पुष्पद कफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे. उन्होंने गुरुवार को अंतिम सांस ली. उनके निधन की खबर लगते ही मिलने जुलने वालों में शोक व्याप्त हो गया. उनकी अंतिम यात्रा स्व निवास भेरू दरवाजा से मुक्तिधाम तक निकाली गई. जिसमें बड़ी संख्या में गणमान्यजनों ने शामिल होकर श्रद्धांजलि अर्पित की. मुक्तिधाम पर उनके पुत्र दिनेश पुष्पद, सुनील पुष्पद, सतीश पुष्पद, पवन पुष्पद ने मुखाग्नि दी

### विधायक ने पुस्तकें एवं सायकिल वितरण की

**जीरापुर 03 अप्रैल, सं.** समीपवर्ती ग्राम गागोरनी किला परिसर स्थित पीएमश्री शासकीय उ.मा. विद्यालय में नवीन सत्र 2026-27 के तहत प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया. जिसमें नव प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर एवं पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. इस अवसर पर समारोह में मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने सरस्वती पूजन दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत की. विधायक श्री दांगी ने विद्यालय की वार्षिक पत्रिका का विमोचन, नव प्रवेशित विद्यार्थियों को साईकिले, पाठ्य-पुस्तकें वितरण की. विद्यालय परिसर में प्रस्तावित नवीन लैब कक्षों का भूमि पूजन किया गया. विधायक ने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित रूप से विद्यालय आने और मन लगा कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया. प्राचार्य रमेश चन्द्र दांगी ने विद्यालय की विभिन्न उपलब्धियों एवं कार्यों का विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत किया. संचालन अनिल पुष्पद ने किया.

### आधा इंच बारिश ने तरबतर किया

**नवभारत न्यूज, ब्यावरा 03 अप्रैल, का.** विगत दिवस से नगर सहित जिले के अनेक स्थानों पर तेज हवाओं, आकाशीय बिजली की गर्जना के साथ बारिश का क्रम जारी है. गुरुवार की रात्रि को नगर में आधा इंच बारिश हो गई. जिले के अन्य स्थानों पर भी बारिश हुई. गौरतलब है कि मौसम के बदलने से जिले भर में तेज हवा, बारिश का दौर जारी है. गुरुवार की रात्रि को आकाशीय बिजली की गर्जना, तेज हवाओं के साथ बारिश होने लगी. नगर में रुक-रुककर बारिश का सिलसिला चलता रहा. बारिश होते ही नगर में कई जगह उखड़ी सड़को पर पानी भर जाने तथा कीचड़ होने से आवाजाही में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा. बीती रात्रि को बारिश होने के बाद स्थानीय राजगढ़ रोड पर कई जगह सड़कों पर चलना भी मुश्किल हो गया. जगह-जगह पानी भरकर, कीचड़ मच गया. पैदल राहगीरों एवं दुपहिया वाहन चालको को सर्वाधिक परेशानी का सामना करना पड़ा. वर्षामापी केन्द्र राजगढ़ के अनुसार राजगढ़ में 3.2 एमएम, ब्यावरा में 13.4 एमएम, नरसिंहगढ़ में 4 एमएम, पचोर में 5 एमएम बारिश दर्ज की गई. इस तरह जिले में गत वर्षाकाल के समय 1 जून 2025 से आज दिनांक तक कुल औसम वर्षा 1449.9 एमएम हो चुकी है, जबकि ब्यावरा में आज दिनांक तक 2473 एमएम बारिश हो चुकी है जो कि जिले में सर्वाधिक है. अप्रैल माह के शुरुआत में जहां गर्मी का भारी प्रकोप शुरु हो जाता है वहीं हवाएं चलने एवं बारिश होने से गर्मी से कुछ राहत मिल रही है.







# अंजनीलाल का चमत्कार : सुंदरकाण्ड के बाद 30 मिनिट भारी बारिश

सामूहिक सुंदरकाण्ड में अद्भुत चमत्कार देख हतप्रभ रह गये सैकड़ों श्रद्धालु, आरती के बाद तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकी

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अप्रैल,का. श्री अंजनीलाल मंदिर धाम पर सामुहिक सुंदरकाण्ड का अद्भुत, अकल्पनीय, चमत्कारिक आयोजन हुआ. इस अवसर पर सैकड़ों श्रद्धालु भगवान श्री अंजनीलाल का साक्षात चमत्कार देख हतप्रभ रह गये.**

उल्लेखनीय है कि श्री हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर लगातार चौथे वर्ष श्री अंजनीधाम पर सामुहिक सुंदरकाण्ड पाठ का आयोजन रखा था. इस आयोजन में शामिल सैकड़ों श्रद्धालुओं को भगवान श्री अंजनीलाल का अद्भुत और अविस्मर्णीय चमत्कार देखने को मिला.

सुंदरकाण्ड के समापन उपरांत आरती के पूर्व खूब तेज हवाओं के साथ पवनदेव ने अपनी उपस्थिति दिखाई, फिर आरती के समय हवा शांत हो गई. आरती के पश्चात जैसे ही पं. विजय शर्मा ने सभी श्रद्धालुओं से पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान की विदाई का आह्वान किया वैसे ही तेज गर्जना के साथ आकाशीय बिजली चमकी और चंद मिनिट में मूसलाधार बारिश शुरू हो गई. सुंदरकाण्ड के इस आयोजन में मौजूद हर श्रद्धालु का यही कहना था कि भगवान श्री अंजनीलाल ने जैसे इंद्र देव को आरती होने तक रोक रखा था. जैसे ही आरती हुई और पांच मिनिट के अंदर श्रद्धालु अपने आसन से उठकर जाने लगे उसी वक्त इतनी त्रीवता के साथ पानी आया कि एक भी श्रद्धालु बिना भींगे नहीं रह सका. ऐसी मूसलाधार बारिश शुरू हुई कि सभी श्रद्धालुओं को मंदिरों के गर्भगृह, सत्संग भवन, कार्यालय में छुपना पड़ा. तमाम प्राकृतिक आपदा के साथ तकनीकि खराबी, विद्युत का गुल हो जाना आदि कई प्रतिकूल परिस्थिति देख कर हर श्रद्धालु ने इस घटना को भगवान श्री अंजनीलाल का साक्षात चमत्कार मानकर ईश्वर को बारंबार प्रणाम किया.

### अद्वितीय रहा 'सामूहिक सुंदरकाण्ड' पाठ

सामुहिक सुंदरकाण्ड का संगीतमय आयोजन पूर्व के वर्षो की तरह इस वर्ष भी अद्भुत और अकल्पनीय रहा. इस वर्ष भी 251 पंजीकृत श्रद्धालुओं को विशेष आसन, पूजा-अर्चना की सामग्री के साथ एक विशेष स्थान पर बैठाया गया था. सभी ने प्रारंभ में पूरे विधि विधान के साथ सामुहिक पूजा की और फिर एक सुर, लय व ताल के साथ सुंदरकाण्ड का पाठ किया. पंजीकृत श्रद्धालुओं के अतिरिक्त मंदिर परिसर में मौजूद सैकड़ों श्रद्धालुओं को भी सुंदरकाण्ड पाठ में शामिल होने के लिये विशेष प्रबंध किये गये थे. इस प्रकार मंदिर धाम पर मौजूद हर श्रद्धालु ने पूरे ध्यान मग्न होकर पाठ किया. सभी को एक विशेष प्रकार के आनंद की अनुभूति हुए बिना नहीं रही. सामुहिक सुंदर काण्ड में महिलाओं, बच्चों ने भी बढ़ चढ़ कर भाग लिया. इस अवसर पर राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नारायण सिंह पंवार ने सुंदरकाण्ड का पाठ करने वाली टीम के प्रमुख राजेन्द्र सिंह बना सहित सभी सदस्यों को मंदिर ट्रस्ट परिवार की ओर से सम्मानित किया. इस मौके पर हनुमान जन्मोत्सव पर विशेष श्रृंगार करने वाले विनोद सोनी मलावर एवं नियमित श्रृंगार करने वाले ब्रजेश शुक्ला ब्यावरा का भी सम्मान किया गया.

### श्री खड़ेहनुमानजी मंदिर पर आकर्षक श्रृंगार किया



**ब्यावरा 03 अप्रैल,का. नगर के जूना ब्यावरा स्थित अतिप्राचीन खड़े हनुमानजी मंदिर पर हनुमान जयंति पर आकर्षक श्रृंगार किया गया. शाम को महाआरती की गई. जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए. वहीं शुक्रवार को हवनशांति के साथ महोत्सव का समापन किया गया. मंदिर के व्यवस्थापक गौरव शर्मा ने बताया कि वर्षों पुरानी परंपरा के अनुसार प्रतिवर्ष आयोजन किया जाता है.**

# सगाई समारोह में जमीनी विवाद को लेकर भिड़े

पार्षद प्रतिनिधि पर कंजरों का हमला, घायल

नवभारत न्यूज

**पचोर 03 अप्रैल, सं.** थाना करनवास अंतर्गत ग्राम दूधी में सगाई कार्यक्रम के दौरान 16 बीघा जमीन के विवाद को लेकर मारपीट हुई. जिसमें पचोर के पार्षद प्रतिनिधि घायल हो गए. मामले में पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर 4 लोगों के विरूद्ध मामला दर्ज किया है. विवाद में शामिल सभी लोग एक ही समाज के है और रिश्तेदार भी है. घायलों में पार्षद प्रतिनिधि की पत्नि भी शामिल है.

घटना 3 अप्रैल 2026 को दोपहर 2 बजे ग्राम दूधी में हुई थी. फरियादी अक्षय पिता लक्ष्मण सिंह नैनावत ने बताया कि उनके ससुर शेखर पिता सज्जन सिंह मनवाड़े के साथ चार आरोपियों ने जमीन के विवाद को लेकर मारपीट की. आरोपियों ने शेखर के सिर में लठ मारा और उनकी भाभी रीना बाई को भी घायल कर दिया. आरोपियों में पप्पू पिता सीताराम कंजर, उमित पिता रिंकू कंजर, आनंद पिता सीताराम और उमेश पिता सीताराम गुदेने शामिल है. इन पर पुलिस ने मारपीट, जान से मारने की धमकी, गंभीर चोट पहुंचाना और सामूहिक हमले की धाराओं में अपराध दर्ज किया है. फरियादी ने बताया कि उनके ससुर शेखर और आरोपियों के बीच जमीन के विवाद को लेकर पहले से ही तनाव था. शेखर ने आरोपियों की दादी हरने बाई पति करतार सिंह गुदेने से 16 बीघा जमीन खरीदी थी, जिसका आरोपियों को विरोध था. आरोपियों का कहना है कि शेखर ने उनकी जमीन को अवैध रूप से अपने नाम करवा लिया है. पीडितों में शेखर पिता सज्जन सिंह मनवाड़े (कंजर) उम्र 50 साल निवासी वार्ड-09 कंजरपुरा पचोर और रीना बाई पति शेर सिंह मनवाड़े ( कंजर ) उम्र 35 साल निवासी वार्ड-09 कंजरपुरा पचोर शामिल है.

फरियादी ने बताया कि उनके गाँव में मंगल सिंह की लक्की की सगाई का कार्यक्रम चल रहा था, जिसमें उनके ससुर शेखर और उनकी पत्नी रीना बाई भी शामिल होने गए थे. सगाई के दौरान ही आरोपियों ने शेखर पर हमला कर दिया. मंगल सिंह की लड़की की सगाई नरसिंहगढ़ (छोटी बैरसिया) के एक परिवार के साथ हो रही थी. सगाई के कार्यक्रम में शेखर और उनकी भाभी रीना बाई भी शामिल होने गए थे. सगाई के दौरान ही आरोपियों ने शेखर व रीना पर हमला कर दिया. आरोपी पप्पू, उमित, आनंद और उमेश शेखर के जमाई लगते हैं.

### महिला के साथ तीन बार दुष्कर्म, आरोपी गिरफ्तार

**जीरापुर 03 अप्रैल, सं.** महिला के साथ दुष्कर्म के मामले में पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है. जानकारी अनुसार 35 वर्षीय महिला ने घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई कि नर्मदेश्वर कॉलोनी निवासी मुकेश पिता रामप्रताप दांगी मुझे भंडावद रोड स्थित जंगल की ओर ले गया. 31 मार्च की रात करीब 10 बजे आरोपी ने उसके साथ जबरदस्ती तीन बार दुष्कर्म किया चुप रहने की धमकी दी. डर और सदमे के कारण वह तुरंत किसी को कुछ नहीं बता सकी, लेकिन एक दिन बाद गुरुवार को महिला थाने पहुंची. थाना प्रभारी आदित्य सोनी ने बताया कि मामले की विवेचना जारी है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है.

# जमीनी स्तर पर मनाया जाएगा स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**नरसिंहगढ़ 03 अप्रैल, सं. भारतीय जनता पार्टी की जिला बैठक चिड़िखो में आयोजित की गई. जिसमें 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस बूथ से लेकर मंडल स्तर तक मनाने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गये.**

जिला कार्यकारिणी की बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा 6 अप्रैल को पार्टी का स्थापना दिवस बूथ से लेकर मंडल स्तर तक मनाने के लिए प्रभारी नियुक्त किए गये. जिला प्रभारी ध्रुवनारायण सिंह के मुख्य अतिथि में बैठक संपन्न हुई. उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस 6 अप्रैल को प्रत्येक बूथ पर मनाने का पार्टी द्वारा आह्वान किया गया.है. जिसका हम सभी को पालन करना है. इसके लिए जमीन स्तर के कार्यकर्ताओं को भी जोड़ना होगा. बैठक में बताया गया कि गांव चलो अभियान भी 7 अप्रैल से प्रारंभ होने जा रहा है उसको सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर गांव-गांव पहुंचकर प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाना होगा तभी हमारा कार्यक्रम सफल होगा.

बैठक को सांसद रोडमल नागर, राज्यमंत्री नारायण सिंह पंवार, नरसिंहगढ़ विधायक मोहन शर्मा, खिलचीपुर विधायक हजारीलाल दांगी, राजगढ़ विधायक अमर सिंह यादव ने भी संबोधित करते हुए पार्टी के दिशा निर्देशों का पालन करने का आह्वान किया. संचालन जिला महामंत्री देवी सिंह सौंधिया ने किया. बैठक में जिला पदाधिकारी, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, नपा अध्यक्ष, मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष उपस्थित रहे.





# हर्षोल्लास उल्लास से मनाया मारुति नंदन का जन्मोत्सव

नवभारत न्यूज

**पचोर 03 अप्रैल, सं.** श्री मारुति नंदन हनुमान जी महाराज के जन्म महोत्सव के अवसर पर नगर के सभी प्रमुख मंदिरों पर श्रद्धा भक्ति के साथ जन्म महोत्सव मनाया गया. श्री राम भक्त हनुमान मंदिर भोजपुरिया पर श्री हनुमान जी महाराज का महा अभिषेक वैदिक मंत्रोच्चार के साथ के साथ संपन्न हुआ. दोपहर 12 बजे महाआरती की जिसमें बड़ी संख्या में धर्म प्रेमी भक्तजन सम्मिलित हुए. महाआरती के समय शानदार आतिशबाजी की गई.

तत्पश्चात कन्या भोज एवं भंडारे का आयोजन संपन्न हुआ. श्रीराम भक्त हनुमान मंदिर से चल समारोह अखाड़े के साथ प्रारंभ हुआ. चल समारोह में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक, जनप्रतिनिधि सम्मिलित हुए. चल समारोह का नगर में नागरिकों ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया चल समारोह का समापन बोडा नाका बगीची श्री हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना महा आरती के साथ संपन्न हुआ. नगर के सभी प्रमुख मंदिर श्रीकामखेड़ा हनुमान मंदिर, श्रीरामपुरिया हनुमान मंदिर, बड़ी गांव श्रीहनुमान मंदिर पर बड़ी संख्या में नागरिकों ने दर्शन लाभ लिया.

### 8 महीने से संविदा कर्मियों का वेतन अटका

**राजगढ़ 03 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने समय सीमा की बैठक में स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर सख्त रुख अपनाते हुए संविदा कर्मचारियों के 8 महीने से लंबित वेतन के मामले में सीएमएचओ और स्थापना लिपिक का वेतन रोकने के निर्देश दिए. उन्होंने स्पष्ट किया कि जब तक कर्मचारियों का भुगतान नहीं होगा, तब तक संबंधितों का वेतन जारी नहीं किया जाएगा. कलेक्टोरेट सभागार में आयोजित बैठक में कलेक्टर ने लंबित शिकायतों की समीक्षा करते हुए सीएम हेल्पलाइन में समय सीमा में निराकरण नहीं करने वाले अधिकारियों का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश दिए.

# महंगाई को लेकर कांग्रेस ने सरकार को घेरा, ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**सारंगपुर 03 अप्रैल, सं. केंद्र सरकार की आर्थिक नीतियों के कारण देश में आम जनता पर महंगाई का बोझ बढ गया है. बिजली, पेट्रोल-डीजल, राशन और दैनिक आवश्यक वस्तुओं की कीमतें लगातार बढ रही हैं और जनता के बजट पर भारी असर डाल रही हैं.**

भाजपा सरकार की आर्थिक योजनाएं गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों के लिए लाभकारी नहीं हैं. ये आरोप लगाते हुए ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी की अगुवाई में शहर एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी ने भाजपा की केंद्र एवं राज्य सरकार के विरुद्ध राज्यपाल के नाम नायब तहसीलदार गौपाल सिंह चौहान को ज्ञापन सौंपा. कांग्रेस नेताओं का कहना था कि महंगाई की यह समस्या केवल सारंगपुर या मध्य प्रदेश तक सीमित नहीं है, बल्कि पूरे देश में फैली हुई है और सरकार की उदासीन नीतियों के कारण इसका कोई समाधान नहीं निकला. गैस की किल्लत एवं अघोषित विद्युत कटोती से आमजन परेशान है और स्मार्ट मीटर से 04 गुना बिजली के बिल दिए जा रहे है. मुख्यमंत्री कन्या विवाह सम्मेलन में पूरे जिले मे सिर्फ 200 जोडे लेने का प्रावधान तय किया है साथ ही उक्त योजना मे लाभार्थी का बीपीएल को राशनकार्ड अनिवार्य किया है जो की पूरी तरह से गलत है. शहर कांग्रेस अध्यक्ष आबिद लोदी ने बताया कि 1 अप्रैल से बिजली दरों में हुई अप्रत्याशित वृद्धि और गैस सिलेंडरों की किल्लत ने रसोई का बजट बिगाड़ दिया है.

किसान कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष राधेश्याम भैसानिया ने कहा कि किसानों को पारंपरिक रूप से केन और ड्रम में मिलने वाला डीजल अब उपलब्ध नहीं है. जिससे खेती-किसानी के कार्यो में बाधा आ रही है. ब्लाक अध्यक्ष दुर्गेश सोमानी ने कहा कि जल्द ही व्यवस्था मे सुधार नही किया गया तो कांग्रेस द्वारा विद्युत कंपनी एवं कृषि उपज मण्डी का घेराव किया जाएगा, साथ ही को उग्र आंदोलन के लिये मजबूर होना पड़ेगा. इस मौके पर पूर्व विधायक कृष्णमोहन मालवीय, जिला महामंत्री प्रदीप सादानी, दुर्गेश सोमानी, आबिद लोदी, मोहन पाल, हेमेंद्र सोलंकी, निजाम कुरैशी, लखन धनगर, लखन राजपूत,महेश सोनी, सुमित सोनी, कमल गुर्जर,आकिब मेव, अरबाज मेव सहित अन्य उपस्थित थे.

**सुधार** कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग और जिला अस्पताल की समीक्षा की, सुविधाएं बढ़ाने पर फोकस

# अप्रैल में जिला अस्पताल को 4 ओटी तैयार करने के निर्देश

नवभारत न्यूज

**राजगढ़ 03 अप्रैल, का.** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में शुक्रवार को अस्पताल प्रशासन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई. बैठक में सीएमएचओ, सिविल सर्जन, पीयूसी एवं मेडिकल कॉलेज के संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे. बैठक में अस्पतालों की व्यवस्थाओं, उपचार सेवाओं एवं प्रशासनिक कार्यों की विस्तृत समीक्षा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने निर्देश दिए कि रैन बसेरा की व्यवस्था अप्रैल माह के अंत तक अनिवार्य रूप से पूर्ण की जाए. सीएमएचओ कार्यालय के सामने सीसी रोड निर्माण कार्य भी तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए. उन्होंने कहा कि अप्रैल माह में 4 ऑपरेशन थियेटर प्रारंभ किए जाएं, ताकि मरीजों को बेहतर उपचार सुविधाएं उपलब्ध हो सकें. अस्पतालों में टेलीफोन व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित रहे तथा क्रिटिकल मरीजों के लिए त्वरित एवं प्रभावी रिस्पॉन्स सिस्टम सुनिश्चित किया जाए. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए सतत निगरानी रखी जाए.



#### एनआरसी कक्ष, बायोमेडिकल वेस्ट व ईटीपी प्लांट पर निर्देश

कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी द्वारा सिविल अस्पताल राजगढ़ भवन का संयुक्त निरीक्षण किया गया. इस दौरान अस्पताल की आवश्यकताओं की जानकारी ली गई तथा व्यवस्थाओं का विस्तृत रूप से अवलोकन किया गया. निरीक्षण के दौरान अस्पताल के प्रत्येक तल का निरीक्षण किया गया. साथ ही कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक श्री तोलानी ने वार्ड, कैंटीन एवं शौचालयों की स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक सुधार हेतु निर्देश दिए. इस अवसर पर पीयूसी द्वारा तैयार किए गए भवन के मानचित्र एवं डिजाइन पर भी विस्तृत चर्चा की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुचारू रूप से उपलब्ध कराई जाएं, जिससे मरीजों को बेहतर उपचार एवं सुविधाएं मिल सकें. निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. शोभा पटेल एवं सिविल सर्जन भी उपस्थित रहे. जिला अस्पताल में नव स्थापित मैकेनाइज्ड लॉन्ड्री सिस्टम एवं आरओ जल आपूर्ति व्यवस्था की कलेक्टर डॉ. मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा सराहना की गई. कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने एनआरसी कक्ष को शीघ्र क्रियाशील करने के निर्देश दिए. साथ ही बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन एवं ईटीपी प्लांट की स्थापना को लेकर विस्तृत चर्चा की गई. फील्ड विजिट के दौरान पुलिस हाउसिंग के कॉन्ट्रैक्टर रत्नेश चौरसिया एवं संजीव सहाय शर्मा भी उपस्थित रहे.

#### अस्पताल में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था

**राजगढ़ 03 अप्रैल, का.** जिले में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने की दिशा में कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के सतत एवं प्रभावी प्रयासों का सकारात्मक परिणाम सामने आया है। जिला अस्पताल में अब मरीजों एवं उनके परिजनों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल की सुलभ व्यवस्था उपलब्ध हो सकेगी. कलेक्टर डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में जिला अस्पताल परिसर में आधुनिक आरओ प्लांट की स्थापना की गई है। इस प्लांट के माध्यम से अस्पताल भवन में स्थापित 15 वाटर कूलरों को जोड़ा गया है, जिससे पूरे परिसर में शुद्ध पेयजल की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी. इस पहल से जिला अस्पताल में उपचार हेतु आने वाले मरीजों एवं उनके साथ आने वाले परिजनों को अब स्वच्छ, सुरक्षित और ठंडा पेयजल सहजता से उपलब्ध होगा.

# कांग्रेस ने मण्डलम अध्यक्ष घोषित किए

नवभारत न्यूज

**ब्यावरा 03 अप्रैल, का. कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने के उद्देश्य से प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा विधानसभा स्तर पर मण्डल अध्यक्ष नियुक्त किए गये है.**

जिला कांग्रेस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार ब्यावरा ब्लॉक के तहत जगात चौक क्षेत्र से पुष्पेन्द्र पाराशर, बुनियादी पाठशाला क्षेत्र से युनूस मोहम्मद, मुल्तानपुरा क्षेत्र से जय जगताप, पड़ोनिया से रामबाबू सौंधिया, कांसौरकलां से महेश्वर सिंह, मातामण्ड क्षेत्र से राजू वर्मा को मण्डलम अध्यक्ष बनाया गया है. इसी प्रकार नरसिंहगढ, कुरावर, तलेन, बोड़ा, पीपलहेला, गादिया कालीपीठ, राजगढ़, खुजनेर, भोजपुर, माचलपुर, जीरापुर, खिलचीपुर, छापीहेड़ा, सारंगपुर, उदनखेड़ी, सण्डावता, पचोर ब्लॉक में मण्डलम अध्यक्ष बनाए गये है.

### भूजल प्रबंधन वाटर-हारवेस्टिंग हेतु प्रशिक्षण आज

**राजगढ़ 03 अप्रैल, का.** कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ द्वारा बताया गया कि सीजीडब्लयुबी एनसीआर भोपाल द्वारा भूजल प्रबंधन वाटर-हारवेस्टिंग हेतु प्रशिक्षण 04 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा. कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड राजगढ़ संबधित विकासखण्ड स्तरीय अधिकारी / तकनीकी अमले (सहायक यंत्री एवं समस्त उपयंत्री) को निर्धारित तिथि एवं समय पर उपस्थित होने हेतु आग्रह किया है.